प्रकरण संख्या 112/2024 गोपाल लाल बनाम भंवरलाल व अन्य

| त्तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 16.01.2025 | पत्रावली प्रस्तुत। अभिभाषक उभयपक्ष उपस्थित। पक्षकारान द्वारा निवेदन किया गया कि पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से आपसी सहमति हो चुकी है, जिसके अनुसार आराजी नंबर 236 का उत्तरी हिस्सा, जिससे संलग्न नजरी नक्शे में 236/1 रकबा 0.1800 हैक्टर भूमि से दर्शाया गया है वह अपीलान्ट व रेस्पोन्डेन्ट संख्या 2 व 3 के हिस्से में रहेगी तथा दक्षिणी हिस्सा रकबा 0.1800 हैक्टर भूमि जिसे 236/2 दर्शाया गया है, रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 के हिस्से में रहेगी, किन्तु आराजी नंबर 236/1 में से 10 फिट चौड़ाई में पूर्व–पश्चिम लम्बाई तक अपीलान्ट एवं रेस्पोन्डेन्ट 2, 3 रास्ते हेतु भूमि छोड़ेगे, इसी प्रकार आराजी नंबर 236/2 में रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 भी 10 फिट चौड़ाई में पूर्व–पश्चिम तक लम्बाई में रास्ते के लिए भूमि छोड़ेगे। उक्त रास्ते को संलग्न नजरी नक्शे में ABCD रास्ता 20 फिट उत्तर दक्षिण चौड़ा पूर्व से पश्चिम लम्बा रहेगा। संलग्न नजरी नजरी नक्शे में दर्शित आराजी नंबर 236/2 में से EFGH रास्ता पूर्व–पश्चिम चौड़ाई में 20 फिट उत्तर–दक्षिण लम्बाई तक रहेगा। आराजी नंबर 236/2 के दक्षिणी–पूर्वी कोने पर पगलिया जी का स्थान है, जो पूर्व–पश्चिम लम्बाई में 33 फिट व उत्तर–दक्षिण चौड़ाई में 15 फिट कुल 495 वर्ग फिट है, जो नजरी नक्शे में X स्थान पर है, वह अपीलान्ट व रेस्पोन्डेन्ट संख्या 2, 3 के हिस्से में रहेगा। पगलिया जी की भूमि रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 के हिस्से में से कम किये जाने पर 0.0046 हैक्टर भूमि आराजी नंबर 236/2 रकबा 0.1800 हैक्टर में से कम किये जाने पर रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 के हिस्से में 0.1754 हैक्टर भूमि रहेगी। अतः राजीनामा प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील इसी स्तर पर निर्णित फरमाई जावे।<br><br>हमने उक्त प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से आपसी सहमति हो चुकी है तथा प्रस्तुत राजीनामें एवं उसके साथ संलग्न नजरी नक्शे पर सभी पक्षकारान के हस्ताक्षर हैं, जिनकी पहचान उनके अधिवक्ता श्री पन्नालाल मारू एवं श्री चन्द्रप्रकाश मेघवाल द्वारा की गयी। अतः न्यायहित राजीनामा प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजीनामा व उसके साथ संलग्न नजीर नक्शे अनुसार आराजी नंबर 236/1 रकबा 0.1800 हैक्टर भूमि अपीलान्ट व रेस्पोन्डेन्ट संख्या 2 व 3 के हिस्से में तथा आराजी नंबर 236/2 रकबा 0.1800 हैक्टर भूमि में से पगलिया जी के स्थान की भूमि का रकबा 0.0046 हैक्टर रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 के हिस्से में से कम होने से रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 के हिस्से में 0.1754 हैक्टर भूमि रहेगी। प्रस्तुत राजीनामा निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार डिक्री जारी हो। निर्णय आज दिनांक 16.01.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम की जावे।<br><br>(कीर्ति राठौड़)<br>भू–प्रबन्ध अधिकारी<br>एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी<br>उदयपुर | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Kirti Rathore
Date: 2025.03.07 16:18:52 IST
Reason: SelfAttested